26092024-DTM-05_27DT02A.qxd 9/25/2024 10:25 PM Page 1



झूरीवाला डंपिग ग्राउंड की समस्या का स्थायी रूप से करेंगे समाधान : चंद्रमोहन

कांग्रेस प्रत्याशी ने जारी किया पंचकूला विधानसभा क्षेत्र को लेकर घोषणा पत्र

पंचकूला, 25 सितंबर (हप्र)

सेक्टर 23 पंचकूला के झूरीवाला में डंपिग ग्राउंड की समस्या को स्थाई तौर पर खत्म किया जाएगा, ताकि घग्गर पार के लोगों को पेश आ रही दिक्कतों का हल हो सके।

यह दावा बुधवार को पंचकूला विधानसभा हलके से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन ने अपना घोषणा पत्र जारी करते हुए किया। अपने घोषणा पत्र में चंद्रमोहन ने पंचकूला के विकास के लिए कई घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर वासियों के लिए एनहांसमेंट को खत्म करने पर बल दिया जाएगा। कालोनी वासियों को तीन-तीन मरले के प्लॉट दिए जाएंगे। जरूरतमंद लोगों के बीपीएल कार्ड बनाए जाएंगे। महिलाओं को पिंक बस सर्विस मुहैया करवाई जायेगी।

इसके साथ ही कलाकारों व हरियाणा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पंचकूला में फिल्म सिटी का निर्माण भी किया जाएगा। बेरोजगारी पर ध्यान देते हुए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित करने के लिए इंडस्ट्रियल एरिया को वाणिज्यिक क्षेत्र में परिवर्तित करने का प्रयास करेंगे जिससे रोजगार के अवसर बढ़ सकें। हलके के गांव-गांव में सोलर प्लांट लगवाये जाएंगे साथ ही सोलर लाइट और सोलर लालटेन की सुविधा दी जाएगी। बरवाला ब्लॉक में मक्खियों-मच्छरों की समस्या से छुटकारा दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। बिजली की तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा।

पंचकूला में बुधवार को घोषणा पत्र जारी करते कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रमोहन व अन्य। -हप्र

पंचकूला, बरवाला में बनवायेंगे अंतर्राष्ट्रीय लाइब्रेरी

पंचकूला व बरवाला में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। गांव बतौड़ में स्टेडियम व अनुभवी कोच उपलब्ध करवाए जायेंगे। पंचकूला में इमरजेंसी सेवाएं दुरस्त की जाएंगी। फिजियोथेरेपी व आर्थोपेडिक सेंटर खोले जाएंगे। नई सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। कांग्रेस सरकार बनने पर पंचकूला में आईएसबीटी स्थापित किया जाएगा, जिससे पंचकूला व आसपास के लोगों को पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश की बस के लिए लोगों को दूर न जाना पड़े। घग्गर पार स्थित हर्बल पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा तथा पंचकूला शहर व गांवों मे बरसाती पानी की निकासी के लिए सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। सड़कों, पार्कों व पार्किंग में सफाई का ध्यान रखा जाएगा। पंचकूला में पार्किंग फीस को खत्म किया जाएगा।

नरवाना में बुधवार को बग्गी पर बैठकर कार्यक्रम में पहुंचते कांग्रेस प्रत्याशी सतबीर दबलैन व पार्षद राजू। -निस

कांग्रेस का विकास में ही विश्वास : सतबीर दबलैन

नरवाना, 25 सितंबर (निस)

कांग्रेस प्रत्याशी सतबीर दबलैन ने बुधवार को नरवाना हलके के हथो, सच्चाखेडा, भीखेवाला, फरैणखुर्द, खानपुर, इस्मालपुर, फरैण कलां सहित कई गांवों दौरा करके अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ही विकास में विश्वास रखती है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से समस्याओं का अंबार लगा है। हथो गांव में सभा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है परिवार के एक सदस्य के हाथ में कागजों का थैला रहा है। उसके बावजूद समस्याओं को हल नहीं निकला। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस का राज बनने जा रहा है। कांग्रेस के 70 से ज्यादा प्रत्याशी विधानसभा में पहुंचेंगे। हथो गांव में सतबीर दबलैन को लड्डुओं से तोला गया। मुस्लिम समाज के जिला जींद के प्रधान आजाद दनौदा की अध्यक्षता में मुस्लिम समाज के प्रधान रोशनखान ने पगड़ी पहन कर उनका स्वागत किया और भारी मतों से जिताने का वादा किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं नप के पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला ने भी कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की।

वहीं, नरवाना में कांग्रेस प्रत्याशी सतबीर दबलैन के समर्थन में होने वाली कुमारी सैलजा की रैली एक बार फिर से स्थगित हो गई है, इस बार पार्टी की जरूरी मीटिंग की व्यस्तता का कारण बताया गया है।

कांग्रेस प्रत्याशी के गांव दबलैन में कृष्ण बेदी का कार्यक्रम

नरवाना, 25 सितंबर (निस)

भाजपा प्रत्याशी कृष्ण बेदी बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी के गांव दबलैन पहुंचे। यहां कृष्ण बेदी को इन्द्रसिंह मोर व अन्य साथियों ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। भाजपा प्रत्याशी कृष्ण बेदी ने कहा कि पिछले 10 साल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल एवं वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी के शासन में प्रदेश में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। बिना खर्ची एवं पर्ची के नौकरियां बांटी गई हैं।

आज प्रदेश का पढ़े-लिखे युवा को इस बात की चिंता नहीं है कि उसे नौकरी कैसे मिलेगी। प्रदेश के युवा को अच्छी तरह से याद है कि कैसे कांग्रेस राज में नौकरियों को पैसा लेकर बांटा जाता था। पढ़े-लिखे युवा दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर होते थे। लेकिन पिछले 10 साल में प्रदेश में हजारों युवाओं को उनकी मेहनत के बल पर नौकरी मिली है।

उन्होंने कहा कि नरवाना विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। भाजपा प्रत्याशी कृष्ण बेदी ने हलके के गांव बडनपुर में भी लगभग आठ कार्यक्रमों में शिरकत की।

भारवड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड
(विद्युत खण्ड)

शुद्धिपत्र-1 (निरस्त करने हेतु)

ई-निविदा सं.: 01/ओएमडी / 2024-25, दिनांक: 21.08.2024

(**220 केवी उपकेन्द्र बीबीएमबी दिल्ली के गैर- आवासीय भवनों के मरम्मत के कार्य**) को नियम एवं शर्तों के अनुसार कुल 3 फ़र्मों में से 1 फ़र्म द्वारा EMD राशि न मिलने के कारण निरस्त किया जाता है |

1565-पीआर टीएस-4 *आज व कल के लिए उर्जा बचाएँ*

जवाहर नवोदय विद्यालय धनानसु, जिला लुधियाना पंजाब
व्यक्तिगत साक्षात्कार सूचना

नवोदय विद्यालय में 01 वर्ष में 10 माह की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर मैट्रन के पद के लिए पात्र महिला उम्मीदवारों को व्यक्तिगत बातचीत/साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जा रहा है जो दिनांक 08.10.2024 प्रातः 10.00 बजे प्राचार्य जे.एन.वी. धनानसु, जिला लुधियाना के कार्यालय में सम्पन्न होगी। इस पद के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित विवरण अनुसार होगा-

1	पद का नाम	मैट्रन (महिला अनुबंध के आधार पर)
2	पदों की संख्या	03
3	शैक्षणिक योग्यता	न्यूनतम दसवीं कक्षा, उच्च शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी/उम्मीदवार को प्राथमिकता देना सुनिश्चित होगा।
4	उम्र/आयु सीमा	35-55 वर्ष
5	वैवाहिक स्थिति	विवाहित महिलाएं, विधवाएं एवं तलाकशुदा महिलाएं (बिना किसी दायित्व/ बाधा के)
6	पारिश्रमिक	केन्द्र सरकार की न्यूनतम मजदूरी रेट के आधार पर (**अकुशल/unskilled**)
7	सुविधाएं	छात्राओं के साथ निःशुल्क भोजन एवं आवास के साथ विद्यालय में उपलब्ध एम.आई. कक्ष में चिकित्सा सुविधा सहित।

योग्यता/पात्रता वाले उम्मीदवार व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु सुनिश्चित तिथि एवं समय पर निर्धारित स्थान पर अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, व्यक्तिगत बायोडाटा एवं अन्य संबंधित/आवश्यक दस्तावेज 01 पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर अपनी उपस्थिति अनिवार्य करें।

प्राचार्य/Principal
जवाहर नवोदय विद्यालय
Jawahar Navodaya Vidyalaya
DI-14060 **धनानसु/Dhanansu, लुधियाना/Ludhiana.**

भाजपा प्रत्याशी श्याम सिंह राणा के लिए मुख्यमंत्री ने मांगे वोट

कांग्रेस की मंशा जगजाहिर, प्रत्याशियों ने बांटना शुरू किया नौकरियों में कोटा : नायब सैनी

रादौर, 25 सितंबर (निस)

कांग्रेस की मंशा जगजाहिर हो चुकी है। कांग्रेस प्रदेश को भ्रष्टाचार व नौकरियों को खर्ची पर्ची पर देना चाहते हैं। कांग्रेस प्रत्याशियों ने तो अभी से नौकरी का कोटा भी बांटना शुरू कर दिया है। 2014 से पहले प्रदेश में जो भ्रष्टाचार नौकरियों में होता था, वह फिर से कांग्रेस पार्टी प्रदेश में लाना चाहती है। यह शब्द प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रादौर में बुधवार को आयोजित जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करते हुए कहे। रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 3 घंटे की देरी से पहुंचे। भाजपा प्रत्याशी श्याम सिंह राणा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पगड़ी व गदा देकर सम्मानित किया। उन्होंने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा से 10 वर्षों का हिसाब मांग रहे हैं। वे उनसे पूछना चाहते हैं कि उन्होंने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में क्या किया। उन्होंने केवल रोहतक जिले के विकास के लिए काम किया।

रादौर में बुधवार को आयोजित रैली में मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य। -निस

विकास में 15 साल से पीछे चल रहा यमुनानगर : रमन त्यागी

यमुनानगर, 25 सितंबर (हप्र)

कांग्रेस प्रत्याशी रमन त्यागी ने कहा कि गुड़गांव के बाद प्रदेश में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाला यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र विकास में क्यों पिछड़ा। इस सवाल पर विचार करना बेहद जरूरी है। इसकी वजह साफ है, पहले यहां से जो विधायक थे, वह एक ही बात बोलते थे, हमारी पार्टी की सरकार नहीं है। 2014 से जिसे चुना गया, वह न तो विधानसभा में बोले, न शहर में ही उनकी आवाज सुनी गई। उनकी एक ही बात थी, मेरी कोई सुनता ही नहीं।

जब कोई इनकी सुनता ही नहीं तो फिर इन्हें चुनने का आखिर लाभ क्या? इसलिए यमुनानगर विकास में तेजी से पिछड़ रहा है। आज यह क्षेत्र 15 साल पीछे चला गया। अब वक्त आ गया है, इस क्षेत्र के विकास के लिए हर स्तर पर आवाज उठनी चाहिए।

रमन त्यागी ने कहा कि मैं आपकी आवाज बनूंगा। न डरा हूं, न डरूंगा, यह वादा है मेरा आपसे। रमन त्यागी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसंपर्क अभियान के तहत बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि यमुनानगर का प्लाईवुड उद्योग आज मंदे के दौर से गुजर रहा है लेकिन इस बाबत एक भी बार यहां के जनप्रतिनिधि ने आवाज नहीं उठाई। शहर में एक भी शिक्षण संस्थान नहीं खोला गया। इस शहर की कनेक्टिविटी के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

रमन त्यागी ने कहा कि आपके वोट लेकर इन नेताओं ने सत्ता सुख भोगा है। आज उनसे सवाल करने का वक्त आ गया है। वह जवाब दें, इस क्षेत्र के लिए किया क्या?

यमुनानगर में बुधवार को लोगों को संबोधित करते कांग्रेस नेता रमन त्यागी। -हप्र

नारी शक्ति भाजपा प्रत्याशी कंवरपाल के चुनाव प्रचार को दे रही धार

जगाधरी में बुधवार को पार्टी प्रत्याशी कंवरपाल गुर्जर के समर्थन में चुनाव प्रचार करती भाजपा की महिला कार्यकर्ता। -हप्र

जगाधरी, 25 सितंबर (हप्र)

विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंवरपाल गुर्जर के चुनाव प्रचार को महिला शक्ति भी धार दे रही है। महिला कार्यकर्ताओं की टोलियां घर-घर दस्तक देकर चौ. कंवरपाल गुर्जर के लिए वोट की अपील कर रही हैं। जगाधरी के गोमती नगर, इंदिरा कॉलोनी, मुखर्जी पार्क, शिवपुरी सोसाइटी, सेक्टर 17, सेक्टर 15, सेक्टर 18 आदि में प्रचार करते हुए महिला कार्यकर्ताओं ने भाजपा के संकल्प पत्र की जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि भाजपा के चौधरी कंवरपाल मेहनती ईमानदार है। भाजपा सरकार में महिलाओं को उचित मान-सम्मान दिया जाता है। भाजपा सरकार की बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि आदि योजनाओं से महिलाओं के जीवन में बहुत बड़ा क्रांतिकारी बदलाव लाया है।

कृषि कानूनों पर कंगना के बयान को दुष्यंत चौटाला ने बनाया चुनावी मुद्दा

उचाना (जींद), 25 सितंबर (हप्र)

भाजपा सांसद कंगना रणौत का कृषि कानूनों बारे बयान हरियाणा में चुनावी मुद्दा बन गया है। कंगना के बयान पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पूरी भाजपा को लपटते हुए कहा कि भाजपा की मानसिकता प्रदेश की व्यवस्था को खराब करने की है। भाजपा सांसद नए कृषि कानूनों को वापस लाने जैसे गैर जिम्मेदाराना बयान देते हैं, जो केंद्रीय भाजपा नेताओं की ही साजिश है। दुष्यंत बुधवार को उचाना कलां में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि कानूनों का समर्थन करने वाले कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र सिंह को भी जनता अच्छे से समझ गई है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सांसद रहते संसद में बृजेंद्र सिंह ने नए कृषि कानूनों के पक्ष में अपना वोट देकर कृषि कानूनों का खुलकर समर्थन किया था और ट्रैक्टर रैली भी निकाली थी। बृजेंद्र सिंह चाहे कितना भी भ्रम फैलाने की कोशिश कर लें, लेकिन जनता सब समझती है। दुष्यंत ने कहा कि पार्टियां बदलने से किसी का किरदार नहीं बदल सकता। कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा में आने-जाने वाला बीरेंद्र सिंह का परिवार मौकापरस्ती की राजनीति करता है।

केमिस्ट एसोसिएशन का असीम गोयल को समर्थन

अम्बाला शहर, 25 सितंबर (हप्र)

अपने ही गढ़ अम्बाला शहर में भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल के चुनाव को उस समय बड़ी मजबूती मिली जब केमिस्ट एसोसिएशन, मिशन अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक सहित कई समाजसेवियों ने उन्हें अपना समर्थन देने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही जजपा के कई नेता व कार्यकर्ताओं ने भी असीम गोयल का साथ देते हुए भाजपा ज्वाइन कर ली। बुधवार को अम्बाला शहर केमिस्ट एसोसिएशन ने सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन कर भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल को समर्थन देने की घोषणा कर दी। एसोसिएशन के प्रधान वीरेंद्र गर्ग बिट्टू के नेतृत्व में सभी केमिस्ट प्रतिनिधियों ने असीम गोयल का स्वागत किया और फिर उनके द्वारा पिछले 10 साल में करवाए गए विकास और जनहित के कार्यों को जारी रखने में लिए उन्हें समर्थन देने की घोषणा कर दी। असीम गायल ने केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों को अपने परिवार का सदस्य बताते हुए आश्वासन दिया कि वे उन्हें किसी भी सूरत में निराश नहीं होने देंगे।

इससे पूर्व शहर के प्रतिष्ठित फिलाडेल्फिया मिशन अस्पताल के डायरेक्टर सुनील सादिक ने अपने और अपने अस्पताल के स्टाफ की तरफ से भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल को अपना समर्थन दिया। अस्पताल पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल का अस्पताल के डायरेक्टर सुनील सादिक व डॉक्टरों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

अम्बाला शहर में बुधवार को असीम गोयल का स्वागत करते केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य। -हप्र

जजपा कार्यकर्ता व अन्य लोग भाजपा में शामिल

आज जजपा को उस वक्त झटका लगा जब सुल्लर गांव से पार्टी के कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। इसके साथ ही अम्बाला शहर के वार्ड 5 से बलवंत और बलदेव नगर इलाके से मनीष वर्मा अपने साथियों सहित भाजपा में शामिल हुए। सभी लोगों का असीम गोयल ने पार्टी का पटका पहनाकर भारतीय जनता पार्टी में स्वागत किया।

टाटा कैपिटल हाउसिंग फायनांस लिमि.
पंजी. कार्यालय : 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपत राव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013
CIN No. U67190MH2008PLC187552

डिमांड नोटिस

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 ("नियम") के नियम-3 के साथ पढ़े जाने वाले दि सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 ("एक्ट") की धारा 13 (2) के तहत

यतः एक्ट के तहत टाटा कैपिटल हाउसिंग फायनांस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) का अधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा नियम के नियम-3 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने एक्ट की धारा 13(2) के अधीन निम्न वर्णित तिथि को पहले से ही विस्तृत डिमांड नोटिस जारी करके निम्न वर्णित कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर (सभी को पृथक या एकत्रित रूप में बतौर "ऑब्लीगर्ज" वर्णित)/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधियों को निम्न विवरण के अनुसार संबंधित नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबद्ध डिमांड नोटिस में वर्णित राशि का भुगतान करने हेतु आमंत्रित किया था। उक्त नोटिसों की प्रतियों को पंजीकृत डाक एडी के माध्यम से सर्व किया गया है एवं ये अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं तथा उक्त ऑब्लीगर्ज/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि यदि इच्छुक हों तो किसी भी कार्यदिवस को साधारण कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबद्ध प्रति को प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त के संबंध में पुनः एक बार ऑब्लीगर्ज/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस जारी किया जाता है कि वे संबद्ध नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर अपने नाम के समक्ष दर्शायी गई राशि का कालम (डी) में निम्न वर्णित तिथि से भुगतान प्राप्त होने की तिथि तक तथा/या रियलाइजेशन तक बनती, उक्त ऑब्लीगर्ज द्वारा हस्ताक्षरित लोन एग्रीमेंट एवं अन्य दस्तावेजों/राइटिंग्ज के अनुरूप बनते ब्याज सहित भुगतान कर दें। कर्ज की देय राशि के प्रति बतौर सिक्योरिटी निम्न वर्णित सुरक्षित परिसम्पत्तियों को उक्त ऑब्लीगर्ज द्वारा टीसीएचएफएल के पास गिरवी रखा गया था।

लोन खाता	ऑब्लीगर/ कानूनी वारिस/ कानूनी प्रतिनिधि का नाम	निम्न तिथि को कुल बकाया ड्यूज (रु.)	डिमांड नोटिस की तिथि / एनपीए की तिथि
TCHHF 07300001 00238903	स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार पुत्र अमर सिंह मार्फत अपने कानूनी वारिस (कर्जदार) एवं अमर सिंह पुत्र मुनसी राम-सह-कर्जदार/कानूनी वारिस एवं श्रीमती पूजा पत्नी स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार-सह कर्जदार/कानूनी वारिस एवं श्री यशवर्द्धन पुत्र स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार मार्फत अपनी माता व कुदरती संरक्षिका तथा सुश्री एंजल पुत्री स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार मार्फत अपनी माता एवं कुदरती संरक्षिका (कानूनी वारिस)	16.09.2024 के अनुसार रु. 31,06,422/- (रु. इकत्तीस लाख छः हजार चार सौ बाइस)	16-09-2024 और 03-09-2024

सुरक्षित परिसम्पत्ति/अचल प्रॉपर्टी/मोर्टगेज की गई प्रॉपर्टी का विवरण : प्लाट के सभी हिस्से, एमसी प्रॉपर्टी आईडी नं.-1JHV7096 (पुराना प्रॉपर्टी आईडी नं. 238C17U13) माप 330 वर्ग गज अर्थात 6 बिस्वे 13 बिसवासी जो कि प्रॉपर्टी 3 बीघे 7 बिस्वे में से 20/201 हिस्सा है, खसरा नं. 6783/2966, (2-13), 6784/2966 (0-14) में शामिल, सोनीपत पट्टी जट्टां, तहसील व जिला सोनीपत की राजस्व सम्पदा में स्थित, एमसी सोनीपत (हरियाणा) की सीमा में और सीमा है-**पूर्व**-अन्य का प्लाट (94'), **पश्चिम**-अन्य का प्लाट (94'), **उत्तर**-मुरथल रोड (34'), **दक्षिण :** अन्य का प्लाट (34')

* उक्त तिथि वाले संबद्ध डिमांड नोटिस में विशेष तौर पर दर्शाए अनुसार दर पर अतिरिक्त ब्याज, भविष्य के ब्याज, आकस्मिक खर्चों, लागत, भुगतान तथा/या वापसी की तिथि तक हुए खर्चों के भुगतान करने में, यदि उक्त ऑब्लीगर उक्त टीसीएचएफएल को भुगतान करने में असफल रहता है, तो टीसीएचएफएल द्वारा लागत एवं अनुवर्ती खर्चों सहित उक्त ऑब्लीगर /कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि के संपूर्ण जोखिम पर उक्त एक्ट की धारा 13(4) तथा लागू नियमों अधीन उक्त सुरक्षित परिसंपत्ति/अचल प्रापर्टी के प्रति कार्रवाई की जाएगी। उक्त ऑब्लीगर/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि पर टीसीएचएफएल की पहले से लिखित सहमति लिए बिना बिक्री, लीज या किसी भी अन्य रूप में उक्त सुरक्षित परिसंपत्ति/अचल प्रापर्टी को ट्रांसफर करने के लिए एक्ट अधीन मनाही है। यदि कोई व्यक्ति एक्ट की व्यवस्थाओं या उसके तहत बनाए गए नियमों की उल्लंघना या उल्लंघना करने का यत्न करता है, तो एक्ट अधीन उसे कैद हो सकती है तथा/या जुर्माना लगाया जा सकता है।

दिनांक : 26.09.2024 **हस्ता./- अधिकृत अधिकारी,**
स्थान : हरियाणा **कृते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड।**

उचाना के चुनावी दंगल में पहलवान बजरंग पूनिया की एंट्री

जींद, 25 सितंबर (हप्र)

ओलंपिक मेडल विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने बुधवार को उचाना हलके के गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र सिंह के पक्ष में रोड शो निकालकर उनके चुनावी अभियान को और मजबूती दी। अपने रोड शो से बजरंग पूनिया ने युवाओं से लेकर बुजुर्गों में कांग्रेस और बृजेंद्र सिंह के पक्ष में माहौल बनाया।

खटकड़ टोल प्लाजा से शुरू हुआ बजरंग पूनिया और बृजेंद्र सिंह का रोड शो बड़ौदा, खापड़, भौंगरा, बुडायन, उचाना खुर्द से होते हुए काकड़ोद गांव में समाप्त हुआ। लगभग 5 किलोमीटर लंबे रोड शो के पूरे रास्ते के तमाम गांवों में बजरंग पूनिया और बृजेंद्र सिंह को लोगों ने बड़े अंतर से जिता कर विधानसभा में भेजने का आश्वासन दिया।

उचाना हलके में बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पहलवान बजरंग पूनिया के रोड शो में उमड़ी भीड़। -हप्र

विद्या रानी दनौदा ने गांवों में की वोट की अपील

नरवाना, 25 सितंबर (निस)

इनेलो बसपा प्रत्याशी विद्या रानी दनौदा ने देर सायं गांव कलौदाकलां, भीखेवाला, बदोवाला, सच्चाखेड़ा, अमरगढ़ में चुनावी सभाएं की। यहां इनेलो बसपा प्रत्याशी विद्या रानी दनौदा को लड्डूओं से तोला गया। विद्या रानी दनौदा ने कहा कि नरवाना हलका शुरू से ही इनेलो का गढ़ रहा है। उन्होंने इनेलो में आने में देर जरूर कर दी है लेकिन यह सत्य है कि बरसों की मेहनत ही आपकी सफलता दिलाती है। आज मैं सही जगह आ गई हूं आप लोगों का प्यार यह साबित करता है कि सत्य की जीत होती है। हमारे नेता अभय सिंह चौटाला एक मजबूत नेता है। उन्होंने लोगों से इनेलो बसपा प्रत्याशी के तौर पर वोट देकर विधानसभा पहुंचाने और अभय सिंह चौटाला को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की।

इस मौके पर हलका प्रधान अंग्रेज नैन, कुलबीर नैन दनौदा, पार्षद नरेश निक्का, कावलन तपा प्रधान फकीरचंद भी मौजूद रहे।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट IV-ए- अचल प्रापर्टियों की ई-नीलामी सार्वजनिक सूचना

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के रूल 8 (6) की व्यवस्थाओं के साथ पढ़े जाने वाले सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 अधीन अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजी. कार्यालय : 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, केजी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

ब्रांच आफिस : सी 2/21, फर्स्ट फ्लोर, सी ब्लाक, माता चानन देवी रोड, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

सर्वसाधारण व विशेषतः कालम नं. ए में वर्णित कर्जदारों/गारंटरों को सूचित किया जाता है कि कालम नं.-डी में वर्णित अचल प्रापर्टियां सुरक्षित क्रेडिटर के पास गिरवी/चार्ज्ड हैं, जिसका **मै. पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड** (PNB HFL) के अधिकृत अफसर/सुरक्षित क्रेडिटर द्वारा (कालम नं.-सी में वर्णित) कन्सट्रक्टिव/फिजिकल कब्जा ले लिया गया है और इन्हें निम्न विवरणानुसार **"जैसे है जहां है" "जो भी है"** आधार पर बेचा जाएगा। अंततम संशोधित सिक्योरिटी इंट्रस्ट एनफोर्समेंट रूल्ज़, 2002 के रूल 8(6) और 9(1) अधीन कालम-ए में वर्णित संबंधित कर्जदारों/मोर्टगेजरों (अब मृतक), जैसा भी मामला हो, के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (मालूम या नामालूम), एग्जीक्यूटर, प्रशासक, उत्तराधिकारियों, एसाइनियों को नोटिस जारी किया जाता है। बिक्री की विस्तृत शर्तों, प्रतिबंध के लिए **मै. पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (PNB HFL) में सुरक्षित क्रेडिटर की वेबसाइट www.pnbhousing.com** पर प्रदान किए लिंक का अवलोकन करें।

लोन नं./ कर्जदार का नाम सह-कर्जदार/ गारंटर/ कानूनी वारिस का नाम (ए)	अपेक्षित राशि एवं तिथि (बी)	कब्जे की किस्म (सी)	गिरवी प्रापर्टी का विवरण (डी)	आरक्षित कीमत (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली जमा कराने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि दर (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि व समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/ अदालती मामले, यदि हों (के)
00316660000222, सुरेश प्रसाद यादव/ निर्मला देवी बी.ओ. : जनकपुरी	रु. 8,52,723.04/- 14.01.2020 के अनुसार	भौतिक	यूनिट नं. E4/104, वर्धमान गारडेनिया, सोनीपत, हरियाणा-131001	रु. 24,71,000/-	रु. 2,47,100/-	25.10.24	रु. 10,000/-	15.10.2024 10:30 बजे से अप. 05.30 बजे के भीतर	26.10.2024 अप. 02:00 बजे से अप. 03.30 बजे के भीतर	*निल/ मालूम नहीं

*** भुगतान की तिथि तथा/या उसकी वापसी तक खर्च हुए आकस्मिक खर्चों, लागत, चार्जिज़ इत्यादि सहित लागू होने के अनुसार 18% वार्षिक भविष्य के ब्याज सहित। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार कालम नं.-K में वर्णित को छोड़कर उक्त अचल/सुरक्षित परिसम्पत्ति के संबंध में कोई भी दायित्व/दावा नहीं है। इस तरह के किसी भी उजागर होने वाले दायित्व का भुगतान सफल खरीददार/बोलीदाता को खुद करना होगा। प्रस्तावित खरीददार/बोलीदाताओं को प्रार्थना की जाती है कि वे उक्त दायित्वों की स्वतंत्र रूप में जांच कर लें।**
(1) आज तक, कालम नं.-K में वर्णित उक्त अचल प्रापर्टीज़/सुरक्षित परिसम्पत्ति को बेचने, पृथक करने तथा/या निपटारा करने से पीएनबी एचएफएल के अधिकारी पर कोई भी रोक आदेश तथा/या न्यायालय आदेश नहीं है। (2) प्रस्तावित खरीददार/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां पेशकश देने या निविदा/बोली आवेदन प्रपत्र जमा करवाने से पूर्व कालम नं.-के में वर्णित प्रक्रिया/पारित आदेशों आदि, यदि हो, जोकि PNBHFL के पास उपलब्ध दस्तावेजों के टाइटल तक ही सीमित नहीं है, की प्रक्रियाओं का स्वतंत्र निरीक्षण कर सकते हैं। बोलीदाता को बोली प्रपत्र सहित इस नीलामी की शर्तों एवं प्रतिबंधों पर हस्ताक्षर करना होगा। (3) कृपया नोट करें कि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 9(3) के अनुरूप, बोलीदाता/खरीददार उसी दिन या अधिकतम अगले कार्यदिवस को बिक्री मूल्य का 25% (धरोहर राशि, यदि कोई जमा करवायी गई हो, सहित) जमा करवाने के लिए कानूनी तौर पर बंधक है। बिक्री की पुष्टि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित क्रेडिट द्वारा बिक्री कीमत के 25% की प्राप्ति के बाद ही बोलीदाता के पक्ष में की जाएगी। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के भीतर खरीददार द्वारा जमा करवाया जाए, अन्यथा प्रापर्टी/सुरक्षित परिसम्पत्ति को पुनः बेचा जाएगा। (4) **मै. सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (कार्पोरेट कार्यालय - प्लाट नं. 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर-44, गुड़गांव, हरियाणा-122003 वेबसाइट- www.bankeauctions.com) ई-नीलामी द्वारा बिक्री आयोजित करने में अधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी। प्रापर्टी के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने से संबंधित सहायता हेतु तथा किसी अन्य पूछताछ हेतु या रजिस्ट्रेशन हेतु आपको निम्न से को-आर्डिनेट करना होगा। श्री राहुल दुआ एवं पवन कुमार, टोल फ्री-1800 120 8800, ईमेलः auction@pnbhousing.com, पीएनबीएचएफएल के अधिकृत व्यक्ति का है या www.pnbhousing.com देखें।**
स्थान : जनकपुरी, करनाल **दिनांक : 25.09.2024** **हस्ता./- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फायनांस लिमिटेड।**